3	Evaluation is to be done as per instructions provided in the Marking Scheme. It should not be done according to one's own interpretation or any other consideration. Marking Scheme should be strictly adhered to and religiously followed. **However, while evaluating, answers which are based on latest information or knowledge and/or are innovative, they may be assessed for their correctness otherwise and due marks be awarded to them. In Class XII, while evaluating competency-based questions, please try to understand given answer and even if reply is not from marking scheme but correct competency is enumerated by the candidate, due marks should be awarded.**
4	The Marking scheme carries only suggested value points for the answers. These are in the nature of Guidelines only and do not constitute the complete answer. The students can have their own expression and if the expression is correct, the due marks should be awarded accordingly.
5	The Head-Examiner must go through the first five answer books evaluated by each evaluator on the first day, to ensure that evaluation has been carried out as per the instructions given in the Marking Scheme. If there is any variation, the same should be zero after delibration and discussion. The remaining answer books meant for evaluation shall be given only after ensuring that there is no significant variation in the marking of individual evaluators.
6	Evaluators will mark(√) wherever answer is correct. For wrong answer CROSS 'X" be marked. Evaluators will not put right (✓)while evaluating which gives an impression that answer is correct and no marks are awarded. **This is most common mistake which evaluators are committing.**
7	If a question has parts, please award marks on the right-hand side for each part. Marks awarded for different parts of the question should then be totalled up and written in the left-hand margin and encircled. This may be followed strictly.

8	If a question does not have any parts, marks must be awarded in the left-hand margin and encircled. This may also be followed strictly.
9	If a student has attempted an extra question, answer of the question deserving more marks should be retained and the other answer scored out with a note **"Extra Question"**.
10	No marks to be deducted for the cumulative effect of an error. It should be penalized only once.
11	A full scale of marks 80 has to be used. Please do not hesitate to award full marks if the answer deserves it.
12	Every examiner has to necessarily do evaluation work for full working hours i.e., 8 hours every day and evaluate 20 answer books per day in main subjects and 25 answer books per day in other subjects (Details are given in Spot Evaluation Guidelines). This is in view of the reduced syllabus and number of questions in question paper.
13	Ensure that you do not make the following common types of errors committed by the Examiner in the past:- ● Leaving answer or part thereof unassessed in an answer book. ● Giving more marks for an answer than assigned to it. ● Wrong totaling of marks awarded on an answer. ● Wrong transfer of marks from the inside pages of the answer book to the title page. ● Wrong question wise totaling on the title page. ● Wrong totaling of marks of the two columns on the title page. ● Wrong grand total. ● Marks in words and figures not tallying/not same. ● Wrong transfer of marks from the answer book to online award list. ● Answers marked as correct, but marks not awarded. (Ensure that the right tick mark is correctly and clearly indicated. It should merely be a line. Same is with the X for incorrect answer.) ● Half or a part of answer marked correct and the rest as wrong, but no marks awarded.
14	While evaluating the answer books if the answer is found to be totally incorrect, it should be marked as cross (X) and awarded zero (0)Marks.
15	Any un assessed portion, non-carrying over of marks to the title page, or totaling error detected by the candidate shall damage the prestige of all the personnel engaged in the evaluation work as also of the Board. Hence, in order to uphold the prestige of all concerned, it is again reiterated that the instructions be followed meticulously and judiciously.
16	The Examiners should acquaint themselves with the guidelines given in the "**Guidelines for spot Evaluation**" before starting the actual evaluation.
17	Every Examiner shall also ensure that all the answers are evaluated, marks carried over to the title page, correctly totalled and written in figures and words.
18	The candidates are entitled to obtain photocopy of the Answer Book on request on payment of the prescribed processing fee. All Examiners/Additional Head Examiners/Head Examiners are once again reminded that they must ensure that evaluation is carried out strictly as per value points for each answer as given in the Marking Scheme.

अंकन योजना हिन्दी माध्यम
सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2025
अर्थशास्त्र (विषय कोड –030)
[प्रश्न-पत्र कोड : 58/2/1]

अधिकतम अंक : 80

प्र. सं.	अपेक्षित उत्तर/मूल्य बिंदु	अंक
	खंड – क **(समष्टि अर्थशास्त्र)**	
1.	भारतीय अर्थव्यवस्था में मौद्रिक नीति _____ द्वारा प्रतिपादित की जाती है। (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें।) (A) केंद्रीय सरकार (B) राज्य सरकारों (C) भारतीय रिज़र्व बैंक (D) विश्व बैंक **उत्तर: (C) भारतीय रिज़र्व बैंक**	**1**
2.	पहचान करें कि, किसी देश के राजस्व घाटे का अनुमान लगाते समय निम्नलिखित में से किस पर विचार "**<u>नहीं</u>**" किया जाना चाहिए। (सही विकल्प का चयन करें।) (A) सरकार द्वारा भुगतान की गई मजदूरी व वेतन (B) केंद्रीय सरकार द्वारा किया गया ब्याज भुगतान (C) प्रत्यक्ष कर संग्रह (D) ऊपरीगामी पथ (flyover) के निर्माण पर व्यय **उत्तर: (D) ऊपरीगामी पथ (flyover) के निर्माण पर व्यय**	**1**
3.	कीन्स से अर्थशास्त्र के अंतर्गत, _____ को मूल बिंदु से प्रारंभ कर 45° कोण पर खींचा जाता है। (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें।) (A) उपयोग वक्र (B) समग्र मांग वक्र (C) संदर्भ रेखा (D) निवेश वक्र **उत्तर: (C) संदर्भ रेखा**	**1**
4.	निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन करें। निम्नलिखित विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन करें: अभिकथन (A) : सार्वजनिक वस्तुओं के संदर्भ में किसी भी व्यक्ति को लाभ उठाने से वंचित नहीं किया जा सकता है। कारण (R) : सार्वजनिक वस्तुएँ गैर-प्रतिद्वन्दात्मक व गैर-अपवर्जनीय प्रकृति की होती हैं। विकल्प: (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण है। (B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है। (C) अभिकथन (A) सत्य है, परंतु कारण (R) असत्य है। (D) अभिकथन (A) असत्य है, परंतु कारण (R) सत्य है। **उत्तर: (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।**	**1**
5.	मूल्य संवर्धन = _____ - मध्यवर्ती उपभोग का मूल्य (उपरोक्त सूत्र की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें) (i) घरेलू बिक्री (ii) बिक्री - स्टॉक में परिवर्तन (iii) उत्पादन का मूल्य (iv) (उत्पादित इकाइयों की संख्या) × (मूल्य प्रति इकाई) विकल्प: (A) (i) व (ii) (B) (ii) व (iii) (C) (ii), (iii) व (iv) (D) (iii) व (iv)	**1**

	उत्तर: (D) (iii) व (iv)	
6.	मान लीजिए, किसी अर्थव्यवस्था में, स्वायत्त उपभोग ₹100 करोड़ है तथा कुल उपभोग ₹130 करोड़ है। प्रेरित उपभोग का मूल्य ₹ _____ करोड़ होगा। (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें) (A) 30 (B) 80 (C) 100 (D) 130 **उत्तर: (A) 30**	**1**
7.	बैंकों के बैंकर के रूप में, भारतीय रिज़र्व बैंक _____ के अतिरिक्त सभी कार्य करता है। (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें) (A) जन साधारण की ओर से प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री (B) वाणिज्यिक बैंकों के चालू खाते रखने (C) अंतर्बैंकीय लेनदेनो का समाशोधन व भुगतान (D) सरकारी लेनदेन का सुगम बनाने **उत्तर: (A) जन साधारण की ओर से प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री**	**1**
8.	निम्नलिखित कथनों – अभिकथन (A) और कारण (R) का अध्ययन करें। निम्नलिखित विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन करें: अभिकथन (A) : यदि सीमांत बचत प्रवृत्ति का मान 0.5 है, तो सीमांत उपभोग प्रवृत्ति, सीमांत बचत प्रवृत्ति के बराबर होगी। कारण (R) : सीमांत उपभोग प्रवृत्ति व सीमांत बचत प्रवृत्ति का योग सदैव इकाई के बराबर होता है। विकल्प: (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण है। (B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है। (C) अभिकथन (A) सत्य है, परंतु कारण (R) असत्य है। (D) अभिकथन (A) असत्य है, परंतु कारण (R) सत्य है। **उत्तर: (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।**	**1**
9.	वह बजट जिसके अंतर्गत, सरकार अपने द्वारा एकत्रित राजस्व के बराबर राशि व्यय कर सकती है, उसे _____ बजट कहा जाता है। (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें) (A) अधिशेष (B) घाटा (C) संतुलित (D) अवस्फीतिकारी **उत्तर: (C) संतुलित**	**1**
10.	आय के संतुलन स्तर के मूल्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्याशित _____ व प्रत्याशित _____ के मध्य समानता होनी चाहिए। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें) (i) समग्र माँग, समग्र पूर्ति (ii) समग्र माँग, बचत (iii) समग्र माँग, निवेश (iv) बचत, निवेश विकल्प: (A) (i) व (ii) (B) (i) व (iv) (C) (ii) व (iii) (D) (iii) व (iv) **उत्तर: (B) (i) व (iv)**	**1**
11.	सकल घरेलू उत्पाद अवस्फीतिक (GDP deflator) के अर्थ व महत्व का उल्लेख करें। **उत्तर: सकल घरेलू उत्पाद अपस्फीतिक (GDP deflator), मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) और वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का अनुपात है।**	**1**

	GDP अपस्फीतिक वह उपकरण है जिसका उपयोग अर्थव्यवस्था में कीमतों में उतार-चढ़ाव के प्रभाव को समाप्त करने और चालू वर्ष के भौतिक उत्पादन में वास्तविक परिवर्तन को निर्धारित करने के लिए किया जाता है। GDP अपस्फीतिक अर्थव्यवस्था की विकास दर का तुलनात्मक अध्ययन करने में सहायता करता है।	**2**
		3
12. **(a)**	"सरकार प्रायः सामाजिक रूप से अवांछनीय उत्पादों जैसे सिगरेट, तम्बाकू, मदिरा आदि पर अधिक वस्तु व सेवा कर (GST) आरोपित करती है।" उपरोक्त कथन में इंगित सरकारी बजट उद्देश्य की पहचान व व्याख्या करें। **उत्तर: सरकार के बजट का मुख्य उद्देश्य 'आबंटन कार्य' है।** **सरकार सिगरेट, तंबाकू, मदिरा आदि जैसे सामाजिक रूप से अवांछनीय वस्तुओं के उत्पादन पर उच्च कर लगाकर संसाधनों के आवंटन को प्रभावित कर सकती है। परिणामस्वरूप, इन अवांछनीय वस्तुओं के उत्पादन से संसाधनों का स्थानांतरण करके उन वस्तुओं के उत्पादन के लिए पुनः आवंटित किया जाता हैं जो समाज के लिए लाभकारी हैं।**	**1** **2**
	अथवा	**3**
(b)	दो मित्र रमेश (एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर) व पीहू (एक बेकरी मालिक), कर भुगतान के माध्यम से राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में अपने- अपने योगदान पर चर्चा कर रहे हैं। रमेश प्रति वर्ष ₹ 8,00,000 कमाता है, जिसके कारण उसे आयकर देना पड़ता है। पीहू केक व पेस्ट्री की बिक्री पर वस्तु व सेवा कर (GST) एकत्रित करती है तथा उसका भुगतान करती है। दिए गए गद्य के आधार पर पहचान करें कि, रमेश प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष कर का भुगतान कर रहा है। दोनों कर प्रकारों के मध्य वैध अन्तर की व्याख्या करें। **उत्तर: रमेश प्रत्यक्ष कर का भुगतान कर रहा है।** **प्रत्यक्ष कर वे कर हैं जिनका प्रभाव तथा भुगतान का दायित्व एक ही इकाई पर पड़ता है। दूसरे शब्दों में, प्रत्यक्ष करों का भुगतान करने की देयता को स्थानांतरित नहीं किया जा सकता है।** **जबकि;** **अप्रत्यक्ष कर वे कर हैं जिनका प्रभाव तथा भुगतान का दायित्व अलग-अलग इकाइयों पर पड़ सकता है। दूसरे शब्दों में, अप्रत्यक्ष करों का भुगतान करने की देयता को स्थानांतरित किया जा सकता है।**	**1** **1** **1**
		3
13.	(A) दिए गए चित्र के आधार पर, निर्दिष्ट समष्टिगत आर्थिक मुद्दे को नियंत्रित करने के लिए भारत सरकार द्वारा अपनाए जा सकने वाले कदमों की व्याख्या करें।  **उत्तर: निर्दिष्ट समष्टिगत आर्थिक मुद्दा मुद्रास्फीति है।** **मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए, सरकार निम्नलिखित कदम उठा सकती है:** **• कर की दरों में वृद्धि कर सकती है जिससे आम जनता के हाथों में प्रयोज्य आय (क्रय शक्ति) कम हो सकती है। परिणामस्वरूप, इससे समग्र मांग में कमी आ सकती है, जिससे मुद्रास्फीति की स्थिति नियंत्रित की जा सकती है।** **• सार्वजनिक व्यय में कमी कर सकती है जिससे अर्थव्यवस्था में आय का स्तर कम हो सकता है। परिणामस्वरूप, इससे समग्र मांग में कमी आ सकती है, जिससे मुद्रास्फीति की स्थिति नियंत्रित की जा सकती है।** (B) 'खुली बाजार कार्यवाही' को परिभाषित करें।	**1 ½** **1 ½** **1**

	उत्तर: 'खुले बाजार कार्यवाही' से तात्पर्य केंद्रीय बैंक द्वारा खुले बाजार में आम जनता से/को सरकारी प्रतिभूतियों के क्रय/विक्रय से है।	**4**
	नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 13 के स्थान पर हैं। (A) अर्थव्यवस्था में व्याप्त मुद्रास्फीति की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए, सरकार द्वारा अपनाए जा सकने वाले किसी एक राजकोषीय नीतिगत उपाय की व्याख्या करें। **उत्तर: मुद्रास्फीति की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए, सरकार कर की दरों में वृद्धि कर सकती है जिससे आम जनता के हाथों में प्रयोज्य आय (क्रय शक्ति) कम हो सकती है। परिणामस्वरूप, इससे समग्र मांग में कमी आ सकती है, जिससे मुद्रास्फीति की स्थिति नियंत्रित की जा सकती है।** **(अन्य कोई वैध उपाय को भी अंक दिए जाएँ।)** (B) 'खुली बाजार कार्यवाही' को परिभाषित करें। **उत्तर: 'खुले बाजार कार्यवाही' से तात्पर्य केंद्रीय बैंक द्वारा खुले बाजार में आम जनता से/को सरकारी प्रतिभूतियों के क्रय/विक्रय से है।**	**3** **1** **4**
14. **(a)**	निम्नलिखित कथनों की मान्य तर्कों द्वारा पुष्टि करें: (i) किसी अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति स्टॉक चर का उदाहरण है। **उत्तर: मुद्रा आपूर्ति एक स्टॉक चर है क्योंकि यह समय के एक विशेष बिंदु पर जनता के पास उपलब्ध कुल मुद्रा की मात्रा द्वारा मापा जाता है।** (ii) केंद्रीय बैंक सरकार को विभिन्न बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है। **उत्तर: केंद्रीय बैंक सरकार के बैंकर के रूप में सरकार के खातों की देख-रेख करता है। यह सरकार की ओर से प्राप्तियां स्वीकार करता है तथा भुगतान करता है और विनिमय, प्रेषण और अन्य बैंकिंग कार्य करता है। यह सरकार को उसकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ऋण भी प्रदान करता है।**	**2** **2**
	अथवा	**4**
(b)	किसी काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए यह मानते हुए कि, केंद्रीय बैंक आरक्षित अनुपात को 20% से बढ़ाकर 25% कर देता है तथा कुल प्राथमिक जमा राशि ₹ 1,000 है। वाणिज्यिक बैंकों द्वारा साख सृजन पर आरक्षित अनुपात में वृद्धि के प्रभाव की व्याख्या करें। **उत्तर: दिया गया है, कुल प्राथमिक जमा राशि = ₹ 1,000**	

स्थिति	अरक्षित अनुपात (RR)	साख गुणक ($\frac{1}{RR}$)	साख सृजन (प्राथमिक जमाएं x साख गुणक)	
I	20% = 0.2	$\frac{1}{0.2}$ = 5	1,000 x 5 = ₹ 5,000	1 ½
II	25% = 0.25	$\frac{1}{0.25}$ = 4	1,000 x 4 = ₹ 4,000	1 ½

अरक्षित अनुपात में 20% से 25% की वृद्धि के साथ, साख सृजन की राशि ₹ 5,000 से घटकर ₹ 4,000 हो जाती है। अतः, अरक्षित अनुपात और साख सृजन की मात्रा के बीच विपरीत संबंध पाया जाता है। — **1**

4

15.	मान लीजिए कि, किसी अर्थव्यवस्था के लिए सरकार ₹ 1,200 करोड़ के वृद्धिशील निवेश के साथ द्रुतगामी मार्गों के निर्माण की दो परियोजनाओं का प्रस्ताव रखती है। मान लीजिए कि, आय में वृद्धि का 80% उपभोग पर व्यय किया जाता है। उपरोक्त सूचना के आधार पर निम्नलिखित का अनुमान लगाएं: (a) आय में परिवर्तन (ΔY) (b) उपभोग में परिवर्तन (ΔC) **उत्तर: दिया गया है , निवेश में परिवर्तन (ΔI) = ₹ 1,200 करोड़** **सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = 0.8** **(a) जैसा की हम जानते हैं,**	

	निवेश गुणक (K) = $\frac{1}{1-\text{MPC}}$	½
	= $\frac{1}{1-0.8}$ = 5	½
	आय में परिवर्तन (ΔY) = K × निवेश में परिवर्तन (ΔI)	½
	= 5 × 1200	
	आय में परिवर्तन (ΔY) = ₹ 6,000 करोड़	½
	(b) सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = $\frac{\text{उपभोग में परिवर्तन } (\Delta C)}{\text{आय में परिवर्तन } (\Delta Y)}$	1
	0.8 = $\frac{\text{उपभोग में परिवर्तन } (\Delta C)}{6,000}$	½
	उपभोग में परिवर्तन **(ΔC) = ₹ 4,800 करोड़**	½
		4

16. (a) (i) निम्नलिखित आंकड़ों के आधार पर, राष्ट्रीय आय (NNP_{FC}) का अनुमान लगाएं:

क्रम संख्या	मदें	राशि (₹ करोड़ में)
(1)	निजी अंतिम उपभोग व्यय	2,000
(2)	सरकारी अंतिम उपभोग व्यय	1,500
(3)	सकल घरेलू स्थिर पूंजी निर्माण	1,000
(4)	स्टॉक में परिवर्तन (वृद्धि)	400
(5)	स्थायी पूंजी का उपभोग	50
(6)	विदेशों से प्राप्त निवल कारक आय	100
(7)	शुद्ध अप्रत्यक्ष कर	200
(8)	शुद्ध निर्यात	700

उत्तर: राष्ट्रीय आय (NNP_{FC}) = (1) + (2) + (3) + (4) + (8) – (5) + (6) – (7) — **2**

= 2,000 + 1,500 + 1,000 + 400 + 700 – 50 + 100 – 200 — **1 ½**

= ₹ 5,450 करोड़ — **½**

(ii) वास्तविक प्रवाह तथा मौद्रिक प्रवाह में अंतर स्पष्ट करें।

उत्तर: वास्तविक प्रवाह से तात्पर्य गृहस्थों तथा फर्मों के मध्य वस्तुओं और सेवाओं के प्रवाह से है। — **1**

जबकि;

मौद्रिक प्रवाह से तात्पर्य गृहस्थों तथा फर्मों के मध्य कारक भुगतान तथा वस्तुओं और सेवाओं के भुगतान के रूप में मुद्रा के प्रवाह से है। — **1**

अथवा — **6**

(b) (i) गौहर ने हाल ही में, अपनी फैशन डिज़ाइनिंग की पढ़ाई पूरी की है तथा बुटीक प्रारंभ किया है। बिक्री के लिए कपड़े बनाने के लिए उसने एक सिलाई मशीन, कपड़ा, बटन व धागे क्रय किए हैं। ये सभी वस्तुएं कपड़े बनाने के लिए आवश्यक हैं।

गौहर द्वारा क्रय किए गए सामान को अंतिम वस्तुओं व मध्यवर्ती वस्तुओं में वैध कारणों द्वारा वर्गीकृत करें।

उत्तर: गौहर द्वारा अपने बुटीक के लिए क्रय की गई सिलाई मशीन को अंतिम वस्तु के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। — **1**

क्योंकि इसका उपयोग निवेश उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। — **1**

कपड़े, बटन और धागे को मध्यवर्ती वस्तु के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है। — **1**

क्योंकि वे उसी वर्ष के दौरान अन्य वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में पूर्ण रूप से प्रगोग कर लिए जाते हैं। — **1**

	(ii) "एक द्वि-क्षेत्रक अर्थव्यवस्था में, राष्ट्रीय आय सदैव घरेलू आय के बराबर होती है।" मान्य कारणों द्वारा उपरोक्त कथन का समर्थन अथवा खंडन करें। **उत्तर: दिए गए कथन का समर्थन किया जाता है।** **राष्ट्रीय आय (NNP_{FC}) = घरेलू आय (NDP_{FC})+ विदेशों से शुद्ध कारक आय(NFIA)** **एक द्वि - क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में, बाहरी क्षेत्र के साथ कोई अंतःक्रिया नहीं होने के कारण, विदेशों से शुद्ध कारक आय का कोई महत्व नहीं होता है। । अतः, राष्ट्रीय आय सदैव घरेलू आय के बराबर होती है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**2** **6**
17.	निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें: भुगतान संतुलन (BoP) एक निश्चित समयावधि में किसी अर्थव्यवस्था के शेष विश्व के साथ आर्थिक लेन-देनों को व्यवस्थित रूप से सारांशित करता है। BoP को मुख्यतः दो खातों में वर्गीकृत किया जाता है: • चालू खाता • पूंजी खाता चालू खाता किसी अर्थव्यवस्था व शेष विश्व के बीच वस्तुओं, सेवाओं, आय व अंतरण के हस्तांतरण को मापता है। चालू खाता दृश्य व अदृश्य खाते में भी विभाजित किया जाता है। दृश्य खाते में वस्तुओं के निर्यात व आयात से संबंधित लेन-देन सम्मिलित होते हैं। अदृश्य खाते में तीन व्यापक श्रेणियां हैं: • गैर-कारक सेवाएं जैसे यात्रा, परिवहन, बीमा आदि। • ऐसे अंतरण जिनमें विनिमय में कोई मूल्य सम्मिलित नहीं होता है। • आय जिसमें कर्मचारियों का पारिश्रमिक व निवेश आय शामिल है। पूंजी खाता शेष विश्व पर वित्तीय दावों में शुद्ध परिवर्तन को दर्शाता है। पूंजी खाते को मुख्यतः दो श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है: • गैर-ऋण प्रवाह जैसे प्रत्यक्ष व पोर्टफोलियो निवेश • ऋण प्रवाह जैसे बाह्य सहायता, वाणिज्यिक उधार, अनिवासी जमा आदि। दोनों खातों का योग समग्र शेष राशि को दर्शाता है, जो अधिशेष व घाटे में हो सकती है। समग्र शेष राशि में होने वाला परिवर्तन देश के अंतर्राष्ट्रीय भंडार में होने वाले परिवर्तनों में परिलक्षित होता है। Source: https://mospij.gov.in/109-balance-payments (adopted and modified) उपरोक्त गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें: (a) भुगतान संतुलन को परिभाषित करें। **उत्तर: भुगतान संतुलन (BOP) एक निश्चित समयावधि में किसी देश के निवासियों और शेष विश्व के मध्य हुए आर्थिक लेन-देनों को व्यवस्थित रूप से सारांशित करता है।** (b) भुगतान संतुलन के दोनों खातों के मध्य अंतर स्पष्ट करें। **उत्तर: भुगतान संतुलन को दो खातों में वर्गीकृत किया जाता है: चालू खाता तथा पूंजी खाता ।** **चालू खाता किसी अर्थव्यवस्था व शेष विश्व के मध्य वस्तुओं, सेवाओं, आय व अंतरण के हस्तांतरण को मापता है। चालू खाते को दृश्य खाते तथा अदृश्य खाते में उप-विभाजित किया जा सकता है।** **जबकि;** **पूंजी खाता शेष विश्व पर वित्तीय दावों में शुद्ध परिवर्तन को दर्शाता है। पूंजी खाते को गैर-ऋण प्रवाह तथा ऋण प्रवाह में विभाजित किया जा सकता है।** (c) भुगतान संतुलन के घाटे का अर्थ सूत्र सहित बताएं। **उत्तर: भुगतान संतुलन (BOP) घाटा एक ऐसी स्थिति को संदर्भित करता है, जिसमे एक वर्ष के दौरान, स्वायत्त लेनदेन के कारण विदेशी मुद्रा का अंतर्वाह, विदेशी मुद्रा के बहिर्वाह से कम हो जाता है।** **विदेशी मुद्रा का स्वायत्त बहिर्वाह > विदेशी मुद्रा का स्वायत्त अंतर्वाह**	**1** **1 ½** **1 ½** **2** **6**
	खंड - ख **(भारतीय आर्थिक विकास)**	
18.	कृषि का _____, स्व-उपयोग के बजाये खुले बाजार में बिक्री के लिए उत्पादित फसलों को संदर्भित करता है। (A) व्यावसायीकरण (B) विविधीकरण (C) डिजिटाइजेशन (D) आधुनिकीकरण	

	उत्तर: (A) व्यावसायीकरण	**1**
19.	निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें: **कथन 1:** 1978 में, कम्यून भूमि को खेती के लिए व्यक्तिगत गृहस्थों को छोटे-छोटे भूखंडों में विभाजित करके दिया गया था। **कथन 2:** कम्यून व्यवस्था के अंतर्गत, पेशेवरों को काम करने व सीखने के लिए ग्रामीण इलाकों से प्रेषित किया जाता था। दिए गए कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनें: (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। **उत्तर: (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।**	**1**
20.	उन विकल्पों का चयन करें, जो कि सूचना और प्रौद्योगिकी की भूमिका को उजागर करते हैं। (i) धारणीय विकास प्रदान करना (ii) खाद्य सुरक्षा की प्राप्ति (iii) उभरती प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी प्रसारित करना **विकल्प:** (A) मात्र (i) (B) मात्र (ii) (C) (i) और (ii) (D) (i), (ii) और (iii) **उत्तर: (D) (i), (ii) और (iii)**	**1**
21.	निम्नलिखित कथनों - अभिकथन (A) व कारण (R) का अध्ययन करें। निम्नलिखित विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन करें: **अभिकथन (A) :** भूमि सुधार के अंतर्गत, भारत सरकार द्वारा किसी व्यक्ति के स्वामित्व की न्यूनतम सीमा का आकार निर्धारित किया गया था। **कारण (R) :** भूमि सीमा निर्धारण का उद्देश्य भू-स्वामित्व को कुछ हाथों में केंद्रित होने से रोकना था। **विकल्प:** (A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं और कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण है। (B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है। (C) अभिकथन (A) सत्य है, परंतु कारण (R) असत्य है। (D) अभिकथन (A) असत्य है, परंतु कारण (R) सत्य है। **उत्तर: (D) अभिकथन (A) असत्य है, परंतु कारण (R) सत्य है।**	**1**
22.	अपने खेत/ व्यवसाय आदि का स्वतंत्र रूप से संचालन करने वाले व्यक्ति _____कहलाते हैं। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें) (A) कार्यरत कर्मचारी/भाड़े के श्रमिक (B) अनियत दिहाड़ी मजदूर (C) नियमित वेतनभोगी कर्मचारी (D) स्व-नियोजित **उत्तर: (D) स्व-नियोजित**	**1**
23.	कृषि विपणन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें कृषि वस्तुओं का _____ सम्मिलित होता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति करने के लिए सही विकल्प का चयन करें) (i) निजीकरण (ii) प्रसंस्करण (iii) संजोयन (iv) ग्रेडिंग **विकल्प:** (A) (i) व (ii) (B) (ii) व (iii) (C) (i), (ii) व (iii) (D) (ii), (iii) व (iv) **उत्तर: (D) (ii), (iii) व (iv)**	**1**
24.	____ इस विचार पर आधारित है कि, शिक्षा व स्वास्थ्य मानव कल्याण के अभिन्न अंग हैं। (रिक्त स्थान की पूर्ति करने के लिए सही विकल्प का चयन करें) (A) मानव संसाधन (B) मानव विकास (C) मानव पूंजी (D) आर्थिक विकास	

	उत्तर: (B) मानव विकास	**1**
25.	हाल के वर्षों में, सभी वयस्कों को _____ योजना के अंतर्गत खाता खोलने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति करने के लिए सही विकल्प का चयन करें) (A) जन-धन योजना (B) जन-औषधि योजना (C) जन-सूचना योजना (D) जन-आरोग्य योजना **उत्तर: (A) जन-धन योजना**	**1**
26.	दिया गया चित्र 1990-92 के उपरांत, भारतीय अर्थव्यवस्था में _____ की समस्या को इंगित करता है। (रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन करें)  **विकल्प:** (A) कार्यबल का अनौपचारिकीकरण (B) श्रमबल का अनियतिकरण (C) रोज़गारहीन संवृद्धि (D) कार्यबल का औपचारिकीकरण **उत्तर : (C) रोज़गारहीन संवृद्धि** **नोट:** **निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 26 के स्थान पर है।** ऐसी स्थिति जिसके अंतर्गत एक अर्थव्यवस्था में बिना रोजगार में वृद्धि के आर्थिक प्राप्त करती है, _____ कहलाती है। (सही विकल्प द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति करें।) **विकल्प:** (A) कार्यबल का औपचारिकीकरण (B) श्रमबल का अनियतिकरण (C) रोज़गारहीन संवृद्धि (D) कार्यबल का औपचारिकीकरण **उत्तर : (C) रोज़गारहीन संवृद्धि**	**1** **1**
27.	निम्नलिखित कथनों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें: **कथन 1:** माँग व पूर्ति के संबंध के उल्क्रमण के कारण, अपशिष्ट उत्पादन व प्रदूषण की पर्यावरणीय चिंताएं गंभीर हो गई हैं। **कथन 2:** पर्यावरणीय संकट तब उत्पन्न होता है, जब संसाधनों के निष्कर्षण की दर संसाधनों के पुनर्जनन की दर से कम होती है। दिए गए कथनों के आधार पर निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनें: (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है। (B) कथन 1 असत्य है और कथन 2 सत्य है। (C) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं। (D) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं। **उत्तर: (A) कथन 1 सत्य है और कथन 2 असत्य है।**	**1**
28.	(a) स्वतंत्रता सूचकांकों को परिभाषित करें। **उत्तर: स्वतंत्रता सूचकांक को सामाजिक और राजनीतिक निर्णय लेने में लोकतान्त्रिक भागीदारी की सीमा के माप के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।** (b) किन्हीं दो स्वतंत्रता सूचकांकों का उल्लेख करें। **उत्तर: दो स्वतंत्रता सूचकांक हैं:** • **नागरिकों के अधिकारों को दी गई संवैधानिक सुरक्षा की सीमा** • **न्यायपालिका की स्वतंत्रता तथा कानून के शासन की संवैधानिक सुरक्षा की सीमा**	**1** **1** **1** **3**

29 **(a)**	मेध्या व दानिश दोनों के पास अपने खेत थे। मेध्या ने कुछ कृषि पाठ्यक्रमो में निवेश किया, आधुनिक कृषि की तकनीकें सीखी व अपने मजदूरों को मृदा उर्वरता, मृदा प्रबंधन, कीट नियंत्रण आदि के सर्वोत्तम तरीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया। जबकि, दानिश ने उन्नत कृषि मशीनरी, सिंचाई प्रणाली व उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के क्रय पर भारी निवेश किया। क्या आप इस बात से सहमत हैं कि, दानिश ने मानव पूंजी में निवेश किया है? अपने उत्तर के समर्थन में मान्य कारण दें। **उत्तर: नहीं, दानिश ने मानव पूंजी में निवेश नहीं किया है। जैसे-जैसे मानव पूंजी में निवेश बढ़ता है, उसके मालिक में ज्ञान, कौशल और क्षमता के भंडार में वृद्धि होती है। यद्यपि, उन्नत कृषि मशीनरी, सिंचाई प्रणाली और उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की खरीद पर दानिश का निवेश भौतिक पूंजी में किया गया है। भौतिक पूंजी के अंतर्गत मूर्त प्रकृति की संपत्तियां सम्मिलित होती हैं। यह अपने मालिक से पृथक हो सकती है तथा इसे बाज़ार में क्रय /विक्रय किया जा सकता है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**3**
	अथवा	
(b)	"प्रतिषेधी आयुर्विज्ञान, चिकित्सीय आयुर्विज्ञान व सामाजिक आयुर्विज्ञान पर व्यय मानव पूंजी व आर्थिक विकास के निर्माण में उपयुक्त सहायता करता है।" क्या आप उपरोक्त कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में मान्य तर्क प्रस्तुत करें। **उत्तर: हाँ। एक अर्थव्यवस्था में मानव पूंजी निर्माण के स्रोत के रूप में स्वास्थ्य पर होने वाला व्यय, प्रतिषेधी आयुर्विज्ञान, चिकित्सीय आयुर्विज्ञान व सामाजिक आयुर्विज्ञान आदि पर व्यय जैसे विभिन्न रूप ले सकता है। एक स्वस्थ व्यक्ति दीर्घकाल तक निर्बाध श्रम आपूर्ति प्रदान करने में सक्षम होता है। अतः, इस प्रकार के व्यय से मानव पूंजी निर्माण होता है जो आर्थिक विकास में योगदान देता है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**3**
30.	"अंग्रेजों ने ऐसे कई संरचनात्मक विकास कार्य लागू किए, जो कि मुख्य रूप से उनके निजी स्वार्थ से प्रेरित थे।" औपनिवेशिक सरकार द्वारा किए गए संरचनात्मक विकास के पीछे के किन्हीं दो कारणों की संक्षेप में व्याख्या करें। **उत्तर: अंग्रेजों द्वारा संरचनात्मक विकास के पीछे दो मुख्य कारण थे:** • **सड़कें मुख्य रूप से भारत के भीतर सेना के आवागमन की सुविधा के उद्देश्य से बनाई गई थीं** • **रेलवे व सड़कों के प्रारंभ ने ग्रामीण क्षेत्रों से कच्चे माल को निकटतम रेलवे स्टेशन/बंदरगाह तक लाने में सहायता की। (अन्य कोई वैध कारण के लिए भी अंक प्रदान किए जाए)**	**2** **2** **4**
31. **(a)**	"हाल के दिनों में विभिन्न योजनाओं व नीतियों के माध्यम से भारत सरकार ने प्रत्यक्ष/परोक्ष रूप से रोज़गार सृजन के लिए महत्वपूर्ण पहल की है।" मान्य तर्कों के साथ उपरोक्त कथन की पुष्टि करें। **उत्तर: स्वतंत्रता उपरांत से ही सरकार ने प्रत्यक्ष/परोक्ष रूप से रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।** **विभिन्न सरकारी विभाग/उद्यम लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं तथा वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में वृद्धि करते हैं, जिससे प्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न होता है।** **जब सरकारी उद्यमों से वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन बढ़ता है, तो सरकारी उद्यमों से कच्चा माल प्राप्त करने वाले निजी उद्यम भी अपना उत्पादन बढ़ाते हैं। इन निर्गतों का उपयोग करने वाले निजी उद्यम उत्पादन के पैमाने में वृद्धि के साथ अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होते हैं। इससे अर्थव्यवस्था में अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होती है।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**4**
	अथवा	
(b)	"भारत ने ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित करने व आजीविका संवर्धन में सूक्ष्म साख (micro credit) कार्यक्रम अति उपयोगी रहे हैं।" क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में वैध कारण प्रस्तुत करें। **उत्तर: हां। औपचारिक साख व्यवस्था में कमियों की पूर्ति हेतु सूक्ष्म साख (micro credit) कार्यक्रम की उत्पत्ति हुई है। औपचारिक साख वितरण तंत्र को ग्रामीण सामाजिक संरचना में पूरी तरह से एकीकृत**	**4**

नहीं किया गया है। ऋणाधार की अनुपलब्धता के कारण, निर्धन ग्रामीण परिवारों का एक बड़ा भाग औपचारिक साख व्यवस्था से वंचित रह जाता है। सूक्ष्म साख (micro credit) कार्यक्रम इन निर्धन परिवारों को रियायती ब्याज दर पर ऋण प्रदान करके औपचारिक साख व्यवस्था के दायरे में सम्मिलित कर पाई है। **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**

32. दिए गए आंकड़ों के आधार पर, भारत व चीन में कार्यबल के वितरण व उसके सकल मूल्य वर्धन की हिस्सेदारी की तुलना करें।

2018-2019 में रोजगार और GVA (%) का क्षेत्र अंश

क्षेत्र	GVA को योगदान			कार्यबल का वितरण		
	भारत	चीन	पाकिस्तान	भारत	चीन	पाकिस्तान
कृषि	16	7	24	43	26	41
उद्योग	30	41	19	25	28	24
सेवा	54	52	57	32	46	35
कुल	**100**	**100**	**100**	**100**	**100**	**100**

Source : Human Development Report 2019: Key Indicators of Asia and Pacific 2019.

उत्तर. दिए गये आंकड़े रोजगार और सकल मूल्य वर्धित (GVA) की क्षेत्रीय हिस्सेदारी से संबंधित अंश दिखाते है। स्थलाकृतिक और जलवायु परिस्थितियों के कारण, चीन में खेती योग्य क्षेत्र, भारत की तुलना में अपेक्षाकृत छोटा है। इसलिए, चीन में GVA में कृषि क्षेत्र का योगदान 7% है, जो 26% कार्यबल को रोजगार देता है, जबकि भारत में यह 16% है, जो 43% कार्यबल को रोजगार देता है। **4**

चीन में तेजी से औद्योगिकीकरण के कारण, सकल मूल्य वर्धित(GVA) में औद्योगिक क्षेत्र का योगदान 41% है जिसमें 28% कार्यबल शामिल है , जबकि भारत में यह आंकड़ा 30% और 25% है।

दोनों देशों का सकल मूल्य वर्धित(GVA) में सेवा क्षेत्र का योगदान समान रूप से 54% और 52% है, जबकि भारत और चीन में इस क्षेत्र में क्रमशः 32% और 46% कार्यबल है।

(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)

33. (a) (i) "हरित क्रांति को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार ने उर्वरकों पर उपदान प्रदान किया था।"
इस प्रकार के उपदान के पक्ष में किन्हीं दो मान्य तर्कों की संक्षिप्त व्याख्या करें।

कृषि उपदान जारी रखने के पक्ष में तर्क:

• उपदान समाप्त करने से धनी और निर्धन कृषकों के मध्य आय की असमानता में वृद्धि हो सकती है। **1 ½**

• अधिकांश (छोटे और सीमांत) कृषक उपदान के बिना महंगे कृषि आगत खरीदने में सक्षम नहीं हो पाएंगे। **1 ½**

(ii)"8 अक्टूबर, 2021 की एक खबर के अनुसार, भारत सरकार ने एयर इंडिया में अपनी 100% हिस्सेदारी की बिक्री कर दी। एयर इंडिया के मूल संस्थापक टाटा संस ने बोली जीतकर एयर लाइन को ₹18,000 करोड़ में क्रय किया।"

1. भारत सरकार द्वारा उठाए इस कदम की पहचान करें।

उत्तर: भारत सरकार द्वारा उठाया गया कदम निजीकरण है। **1**

2. सरकार द्वारा पहचाने गए कदम को क्रियान्वित करने के किन्हीं दो तरीकों का उल्लेख करें।

उत्तर: सरकारी उद्यमों को दो तरीकों से निजी कंपनियों में परिवर्तित किया जा सकता है:

• सरकार का सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के स्वामित्व और प्रबंधन से बाहर होने से **1**

• सार्वजनिक क्षेत्रक की कंपनियों की प्रत्यक्ष बिक्री से **1**

अथवा **6**

(b) (i)"1991 के उपरांत, विदेशी क्षेत्रक में सुधारों के कारण विदेशी मुद्रा प्रवाह के आगमन में वृद्धि हुई।"
उपरोक्त कथन की वैध तर्कों द्वारा पुष्टि करें।

उत्तर: 1991 के उपरांत, विदेशी क्षेत्रक में एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में, विदेशी मुद्राओं की तुलना में रुपये का अवमूल्यन किया गया। परिणामस्वरूप, भारत ऑटो पार्ट्स, फार्मास्युटिकल सामान, इंजीनियरिंग सामान, आईटी सॉफ्टवेयर और वस्त्रों के एक सफल निर्यातक के रूप में स्थापित हो गया है। इससे विदेशी मुद्रा के अंतर्वाह में वृद्धि हुई। इसके अतिरिक्त, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में तीव्र गति के कारण विदेशी मुद्रा भंडार में कई गुना वृद्धि हुई। **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** **3**

	(ii)"योजना अवधि के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था में सशक्त भूमिका प्रदान की गई थी।" भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदम के पीछे के तर्क को सत्यापित करें। **उत्तर: स्वतंत्रता के समय, भारतीय उद्योगपतियों के पास राष्ट्र के आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भर होने के लिए आवश्यक वित्तीय और तकनीकी संसाधनों का अभाव था। साथ ही, बाजार इतना बड़ा नहीं था कि उद्योगपतियों को बड़ी परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके, भले ही उनके पास ऐसा करने के लिए पूंजी हो। इसके अतिरिक्त, समाजवादी तर्ज पर भारतीय अर्थव्यवस्था को विकसित करने के निर्णय ने सार्वजनिक क्षेत्र के लिए अग्रणी भूमिका निभाना आवश्यक बना दिया।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)**	**3** **6**
34.	निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें: जलवायु परिवर्तन व पर्यावरणीय वहनीयता दो ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है। विगत वर्षों में, विश्व में प्रतिकूल जलवायु संबंधित घटनाओं में वृद्धि अनुभव की गई है। इसमें गंभीर अकाल, बादल फटना, बाढ़, भूस्खलन, घटते समुद्री तट, आर्कटिक बर्फ व हिमालय के ग्लेशियरों का खतरनाक रूप से पिघलना सम्मिलित है। जंगल में आग लगने की घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। इस संदर्भ में, धारणीय कृषि एक महत्वपूर्ण समाधान के रूप में उभर कर आयी है। इससे तात्पर्य उन कृषि पद्धतियों से है, जो वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए भविष्य की पीढ़ियों के लिए संसाधनों को संरक्षित करती हैं। इसका अर्थ है कि, ऐसे उपाय अपनाना जो पर्यावरण की रक्षा करते हैं, रासायनिक कारकों पर निर्भरता कम करते हैं, जल व भूमि का कुशलतम प्रयोग करते हैं तथा कृषकों के लिए सामाजिक आर्थिक समानता सुनिश्चित करते हैं। एक तरफ धारणीय कृषि पद्धतियां आवश्यक हैं, दूसरी ओर इन्हें लागू करना पारंपरिक कृषि की तुलना में प्रायः अधिक महंगा होता है। जैविक कृषि, स्मार्ट जलवायु तकनीक, आधुनिक सिंचाई प्रणाली जैसी धारणीय प्रथाएं प्रारंभ में महंगी लग सकती हैं, परंतु वे उत्पादकता व पर्यावरण संरक्षण में सुधार करके दीर्घकालिक लाभ प्रदान करती हैं। सुलभ व किफायती वित्तीय विकल्पों के बिना कृषि प्रथाओं में आवश्यक परिवर्तन कई लोगों के लिए दूर का सपना ही बना रहेगा। इसलिए, धारणीय वित्त को न केवल पर्यावरण अनुकूल प्रथाओं को प्रोत्साहित करना, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि जरूरतमंद कृषकों को वित्तीय संसाधन उपलब्ध हों। **Source**: https://website.vbi.org.in/web/rbi/-/speeches-interview/financing-for-sustainable-agriculture (adopted and modified) उपरोक्त गद्य व सामान्य ज्ञान के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें: **(a)** धारणीय कृषि को परिभाषित करें। **उत्तर: धारणीय कृषि से तात्पर्य उन कृषि पद्धतियों से है जो भावी पीढ़ियों के लिए संसाधनों को संरक्षित करते हुए वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा करती हैं।** **(b)** "जैविक कृषि जैसी धारणीय कृषि पद्धतियां प्रारंभ में महंगी लग सकती हैं, परंतु वे दीर्घकालिक लाभ प्रदान करती हैं।" इन प्रथाओं में मिलने वाले दीर्घकालिक लाभों पर चर्चा करें। **उत्तर: जैविक कृषि जैसी धारणीय कृषि पद्धतियाँ प्रारंभ में महंगी लग सकती हैं, किन्तु दीर्घकालिक लाभ प्रदान करती हैं। ऐसी पद्धतियाँ उत्पादकता में सुधार करती हैं, पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करती हैं, बनाए रखती हैं और बढ़ाती हैं। वे रासायनिक आगतों पर निर्भरता कम करती हैं तथा मृदा संरक्षण में सहायता करती हैं।** **(पूरे उत्तर को एक साथ अंकित किया जाए)** **(c)** भारत जैसे विकासशील राष्ट्र में धारणीय विकास को प्रोत्साहित करने के लिए किन्हीं दो रणनीतियों का उल्लेख करें। **उत्तर : भारत जैसे विकासशील राष्ट्र में धारणीय विकास को प्रोत्साहित करने के लिए दो रणनीतियां निम्नलिखित हैं:** • **सौर ऊर्जा का उपयोग** • **लघु जलीय प्लांट का उपयोग** **(अन्य कोई प्रासंगिक उपाय के लिया भी अंक प्रदान किए जाए)**	**1** **3** **1** **1** **6**

* * *